तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 23 मार्च 2024

4 जिंदल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय टेक्नो मैनेजमेंट महोत्सव की शुरूआत





## खबर संक्षेप

### पांच फरार वारंटी न्यायालय में पेश

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर बदमाशों एवं फरार वारंटियों पर कार्रवाई जारी है जिसमें आज कोतवाली पुलिस द्वारा 01 स्थायी वारंटी और 04 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस ने धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम के स्थायी वारंटी शीतल कुमार चौहान निवासी जगतपुर रायगढ़ तथा जुआ एक्ट के आरोपी स्वप्निल सैनी उर्फ़ मोनू, हरिमोहन चौहान निवासी बेलादुला चक्रधरनगर, आबकारी एक्ट की आरोपिया श्रीमती फूलमती उरांव टिकरापारा कोतवाली एवं धारा 25 भुगतान एवं समझौता अधिनियम में आरोपी अभिलाष दीप निवासी बापू नगर को न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में गिरफ्तार कर पेश किया गया है। होली त्यौहार को लेकर कोतवाली पुलिस आदतन बदमाशों एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगाह रखकर कार्रवाई की जा रही है।

### मोटर मैकेनिक ने फांसी लगाकर दी जान

**रायगढ़।** शहर के जूटमिल के लेबर कॉलोनी में एक मोटर मैकेनिक ने फांसी लगाते हुए दुनिया को असमय अलविदा कह दिया। जूटमिल पुलिस छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जूटमिल के लेबर कॉलोनी में बुधवार देर शाम उस समय लोग स्तब्ध रह गए, जब उन्हें पता चला कि दीनानाथ यादव आत्मज स्व‌ण रामवचन 30 सालद्ध की लाश उसके कमरे के म्यांर में बंधे रस्सी के फंदे पर संदिग्ध हालत में लटक रही थी। घटना स्थल पर भीड़ लगते ही तरह.तरह की चर्चा होने पर नजदीकी थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने फंदे से नीचे उतारते हुए दीनानाथ को जिला चिकित्सालय लेकर गए तो डॉक्टर्स ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। यादव परिवार का कहना है कि दीनानाथ मोटर मैकेनिक का काम करता था। दुकान में काम छोड़कर वह फोन आने पर गाड़ी सुधारने जाता था। युवक की शादी नहीं हुई थी। बुधवार दोपहर काम कर घर पहुंचने वाला दीनानाथ कमरे में जाकर सो गया।

### दुधमुंहे बालक की तालाब में डूबकर मौत

**रायगढ।** खेल की धुन में तालाब में डूबने से एक दूधमुंहे बच्चे का असमय करुणान्त हो गया। यह दुखद प्रसंग तमनार थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार तमनार के गोढ़ी से लगे लाखापतरा मोहल्ले में गंगाराम लकड़ा झोपड़ी बनाकर रहते हुए रोजी मजदूरी कर अपनी पत्नी और 2 साल के बेटे रियान की परवरिश करता था। बीते बुधवार सुबह अपनी मां को घरेलू काम करते देख रियान खेलते खेलते बाहर निकला और घर के सामने तालाब की तरफ चला गया। वहीं काफी देर तक रियान को घर में नहीं देख बदहवास मां ने परिजनों और आसपास के लोगों को बच्चे के लापता होने की सूचना दी। मासूम बच्चे की खोजबीन के दौरान आशंका होने पर कुछ युवक जब तालाब में उतरे तो उन्हें जलमग्न रियान बेसुध हालत में मिला।

### दो बाइक में भिड़ंत ग्रामीण घायल

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैस्कीमुड़ा निवासी ग्रामीण खेत गया था, वापसी के दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे ग्रामीण घायल हो गया। इस संबंध में श्यामवती पैंकरा पिता अमीर साय निवासी ग्राम बैस्कीमुडा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती मजदूरी का काम करती है। उसका पति अमीर साय करीब 11.00 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी13 एई 4295 में छेतकी टोंगरी खेत तरफ गया था और बटुरा बुनने के बाद दोपहर करीब 1 बजे अपनी मोटर सायकल से वापस घर बैस्कीमुडा आ रहा था, उसी समय सामने से आ रहे मोटर सायकल सवार भुकदेव सिदार निवासी होरोंगुडा का अपने ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अमीर साय को ठोकर मार दिया।

## सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर राजनीति भारी

# ठेलो-गुमटियों से पटा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के भीतर हर चौक चौराहों सहित सड़कों पर ठेले खोमचों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जब इन अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई किए जाने के लिए निगम, यातायात पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं तो राजनीतिक दलों से संबंधित कुछ लोग सहित चैंबर के कुछ पहुंचे हुए पदाधिकारी व सदस्य इन कार्रवाईयों में अडंगा लगाते हैं। वहीं दूसरी ओर वे शहर की सौदर्यीकरण की भी बात करते हैं।

गौरतलब है कि शहर का हर इलाका ठेले और खोमचों से पट चुका है। स्टेशन चौक, गांधी चौक, एसपी कार्यालय, केवडाबाड़ी चौक, चक्रधरनगर चौक, कोतवाली सहित अन्य कई जगहों पर काफी संख्या में ठेले खोमचों की काफी संख्या नजर आ जाएगी। इन्ही ठेले खोमचों की वजह से ही हर दिन जाम लगता है। अहम बात यह है कि शहर में यातायात पुलिस व निगम अक्सर शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने का प्रयास करते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करता है। किंतु हर बार राजनीति से जुड़े और चेंबर से जुडे लोग इन कार्रवाईयों पर किसी न किसी तरह से अडंगा लगाते हैं। जिस वहज से कार्रवाई करने वाली टीम को बैरंग ही लौटना पड़ता है।




अतिक्रमण हटाने पहुंचे ट्रैफिक अमले को समझाइश देते नगर के पार्षद।

इस तरह यह कहें तो गलत नहीं होगा कि इस राजनीति के कारण शहर का हर इलाका ठेले व खोमचों से पट चुका है। इसी क्रम में गुरुवार को जब ट्राफिक डीएसपी सहित उनकी टीम कोतवाली के सामने दुकान संचालक द्वारा सड़क किनारे सामान रख कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाने के लिए निर्देश ही किया जा रहा था, इसी बीच कुछ राजनीतिक दल के सदस्य व चैंबर के पदाधिकारी वहां पहुंच गए और टीम की इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। ऐसे में डीएसपी सहित टीम को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा।

### ठेला लगाकर वसूल रहे पैसे

सूत्रों ने बताया कि रेलवे स्टेशन चौक, सत्तीगुड़ी, घड़ी चौक, चक्रधरनगर, गर्ल्स कॉलेज रोड़ आदि जगहों पर कुछ लोगों को द्वारा बकायदा ठेले खोमचे लगाकर उन्हें रोजाना पैसों की वसूली की जाती है। यह राशि निर्धारित होती, वहीं जब कार्रवाई करने टीम पहुंचती है तो इन्हीं में से कुछ लोग यहां पहुंच कर कार्रवाई का विरोध करते हैं और कार्रवाई के कुछ ही दिनों के भीतर एक और नया ठेला वहां फिर स्थापित हो जाता है।

## सारंगढ़ के व्यापारी की हत्या का आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते सप्ताह हुई स्थानीय व्यवसायी अभिषेक केशरवानी की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस ने आरोपी को कर्नाटक प्रांत के बैंगलोर शहर से गिरफ्तार किया है। सह आरोपी की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि सारंगढ़ निवासी निखिल बरेठ पिता स्व.फूलसिंह 19 वर्ष अपनी मां के अभिषेक केशरवानी के साथ प्रेम प्रसंग के संदेह पर मृतक अभिषेक केशरवानी को बिलासपुर रोड स्थित रानीसागर राईसमिल के पास अकेले पाकर अपने पास रखे चाकू से उसके सीने, पेट में चाकू मार कर उसकी हत्या कर फरार हो गया। यह सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के द्वारा थाना कोतवाली सरसीवा, भटगांव, कनकबीरा एवं सायबर सेल की अलग-अलग टीम तैयार कर आरोपी के रूकने के संभावित विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की कार्यवाही प्रारम की गई। इसी दौरान आरोपी का लोकेशन बैंगलुरू कर्नाटक में होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर तत्काल टीम गठित कर बैंगलूरू रवाना किया गया। टीम के द्वारा सायबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेक कर आरोपी को अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया की उसकी मा का



प्रेम संबंध मृतक अभिषेक केशरवानी के साथ होने के संदेह पर गुस्से में आकर उसने अभिषेक केशरवानी का हत्या कर दिया।

आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को 20 मार्च को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। फरार आरोपी को पकड़ने एवं अपराध सुलझाने में अधीक्षक पुष्कर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश प्रसाद चंदेल एवं एसडीओपी अविनाश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना कोतवाली सारंगढ़ निरीक्षक श्रीमती भावना सिंह एवं निरीक्षक कामिल हक के नेतृव्य में टीम उप निरीक्षक जेएस ठाकुर, प्रआ, जयराम साहू, आरक्षक पुरुषोत्तम राठौर सायबर सेल टीम, की सराहनीय भूमिका रही।

# साप्ताहिक बाजार से 5 लोगों के मोबाइल चोरी

## शिकायत पर खरसिया पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चपले साप्ताहिक बाजार से बीते 21 मार्च की शाम करीब 5.30 से 6.30 बजे यानी करीब एक ही घंटे भीतर वहां खरीददारी करने पहुंचे 5 ग्रामीणों का मोबाइल किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गए। पांच ग्रामीणों ने खरसिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धार 379 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में बालक राम डनसेना पिता पृथ्वी सिंह डनसेना निवासी ग्राम रक्सापाली ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह 21 मार्च को साप्ताहिक बाजार चपले मे सब्जी खरीदने गया था। तभी शाम करीब 6 बजे अपना मोबाईल जेब मे रखा था, सब्जी खरीदने दौरान किसी अज्ञात चोर उसके माबाईल पर हाथ साफ कर दिया। इसी प्रकार रोहित कुमार सिदार पिता श्रीराम सिदार निवासी ग्राम ग्राम बडे डुमरपाली ने रिपार्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह 21 मार्च को साप्ताहिक बाजार चपले मे सब्जी खरीदने गया था। शाम करीब 6 बजे उसका मोबाईल किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। वहीं देवलाल नायक पिता हेतराम नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह भी 21 मार्च को ही साप्ताहिक बाजार चपले में सब्जी खरीदने गया था, इसी बीच शाम करीब 6:20 बजे किसी अज्ञात युवक ने उसका मोबाईल चोरी कर लिया। साथ ही वृन्द श्रीवास पिता निलाम्बर श्रीवास निवासी ग्राम चपले ने रिपार्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का कार्य करता है। बीते 21 मार्च को साप्ताहिक बाजार चपले में सब्जी खरीदने गया था तभी इसी बीच शाम करीब 5:30 बजे उसका मोबाईल किसी अज्ञात युवक ने चोरी कर लिया। इसके साथ ही चंद्रिका प्रसाद जायसवाल पिता प्यारी लाल जायसवाल निवासी ग्राम बरगढ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह प्रायवेट सिविल इंजीनियर रीतिक गोयल के फार्म में कार्य करता है। बीते 21 मार्च की शाम को 6:30 बजे सप्ताहिक बाजार चपले में सब्जी खरीद रहा था, तभी कोई अज्ञात चोर ने उसके जेब में रखे मोबाइल को चोरी कर ली और भागने लगा। बाजार में अत्याधिक भीड होने के कारण वह बच निकलने में सफल हो गया।

### एसएसटी टीम के साथ जांच चौकियों में तलाशी

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के नेतृत्व में जिले के भीतर और जिले के चेक पोस्टों में अवैध शराब, रुपया कपड़े आदि की जांच की जा रही है। निर्वाचन के एसएसटी टीम के साथ साथ वन, पुलिस और आबकारी विभाग के जांच चौकी में तलाशी की जा रही है। इसी तारतम्य में बरमकेला तहसील के ओडिशा बॉर्डर पर स्थित डोंगरीपाली जांच चौकी में आबकारी विभाग द्वारा ओडिशा से आने वाली वाहनो की आकस्मिक जांच जारी है। इसी प्रकार वन विभाग के जांच चौकी भोगडीह, तेंदूभाटा, जैतपुर घाट, मंडलपुर, सालिहाघाट, टुंडरी, बिलाईगढ़, कोलडीपा, भंडोरा आदि में जांच जारी है।

# निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी निर्वाचन के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न करने पूर्व की भांति सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने सामान्य शाखा, कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र डाक मत पत्र प्रशिक्षण कम्युनिकेशन प्लान, प्रवेश पत्र निर्वाचन प्रपत्र एवं सामग्री, सामग्री क्रय एवं निविदा, चिकित्सा दल एवं किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, मानदेय, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतपत्र मुद्रण एवं प्रपत्र सामाग्री रिटर्निंग ऑफिसरों को प्रदाय, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में तैयारियों पर विस्तार पूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली।

### सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाए होलीः तिवारी

**रायगढ़।** आने वाले होली त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर 22 मार्च को थाना घरघोड़ा परिसर में घरघोड़ा तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता एवं थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी ने शांति समिति की बैठक ली जिसमें जन प्रतिनिधियों के साथ घरघोड़ा के गणमान्य रहवासी उपस्थित थे। तहसीलदार व थाना प्रभारी ने वर्तमान में आचार संहिता के प्रभावशील होने की जानकारी देते हुए सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने कहा गया। अधिकारियों ने होली का त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है, इससे सीख लेते हुए किसी प्रकार का कहीं कोई बवाल ना हो इसका ध्यान रखना होगा ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए जिन गांवों में होलिका दहन होनी है।

# ग्रामीण का रुपए से भरा बैग लेकर फरार हुए लुटेरे

**रायगढ़।** एक ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ बुधवार को बैंक से रुपए लेकर घर जा रहा था, इस दौरान दो अज्ञात बाइक सवारों ने रुपए से भरे बैग को लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुती निवासी बरतराम सिदार पिता स्व‌ण घासीराम सिदार 62 वर्ष अपनी पत्नी करमीन बाई के साथ बुधवार को बाइक क्रमांक सीजी 13 यू 3703 से खरसिया के अपेक्स बैंक पैसा निकालने के लिए गया था। जहां बरतराम सिदार ने अपने खाते से 15 हजार रुपए तथा उसकी पत्नी करमीन बाई अपने खाते से 31 हजार रुपए कुल 46 हजार रुपए निकालकर एक कपड़े के थैले में पासबुक व रुपए रखकर दोनों पति.पत्नी शाम करीब चार बजे घर जा रहे थे। इस दौरान करमीन बाई थैले को हाथ में पकडकर बाइक में पीछे बैठी थी। इस दौरान बरतराम सिदार खरसिया के रेस्ट हाउस के सामने बेनी प्रसाद पेट्रोल पंप पहुंचा तो उसे लगा कि बाइक में पेट्रोल नहीं हैए जिससे उसने पेट्रोल डलवाया और घर जाने के लिए निकल गया। इस दौरान अंबेडकर कांप्लेक्स के सामने अस्पताल तिराहा के सामने पहुंचा था कि अचानक एक बाइक में दो व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधकर आए और पीछे बैठी करमीन बाई के हाथ से रुपए भरे थैले को लूटकर सीधे मंगल बाजार खरसिया की ओर भागने लगे। जिससे जिससे ग्रामीण दंपत्ति ने लूटेरों को पकडने के लिए जोर जोर से चिल्लाने लगेए लेकिन कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया और लूटेरे रुपए लेकर निकल गए। ऐसे में पीड़ित दंपत्ती ने गुरुवार को खरसिया थाना में शिकायत की है। जिससे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### प्लेटफार्म में मिली अधेड़ की लाश, जांच में जुटी जीआरपी

**रायगढ़।** प्लेटफार्म क्रमांक 1 में टिकट काउंटर के पास में ही एक अधेड़ व्यक्ति की लाश बरामद की गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पहुंची और मर्ग कायम करते हुए शव की शिनाख्ती में जुट गई। इसी बीच शव की शिनाख्ती शत्रुघन डहरिया पिता कार्तिक डहरिया 56 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 मौहरभांठा सारंगढ़ के रूप में हुई। शव की शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों को सूचित किया गया। जीआरपी से इस घटना के बारे में सूचना मिलने के बाद मृतक का भतीजा सहित परिजन पहुंचे। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम करने बाद मर्ग कायम कर अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### स्कूटी की टक्कर से वृद्धा घायल

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राशन सामान लेने किनारा दुकान जा रही एक 70 वर्षीय वृद्धा को तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई, वहीं शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में कांति बाई पति इब्राहिम मोहम्मद उम्र 70 वर्ष निवासी रामभांठा जगतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया।

# विश्व जल दिवस पर पानी बचाने की ली गई शपथ

रायगढ़। अपने अनुकरणीय पहल के लिए जाने जाने वाले स्कूल शास प्राथ शाला मिडमिडा में विश्व जल दिवस एवं जल संचय के लिए लिया शपथ इस कार्यक्रम में पालक गण एवं सदस्यों की उपस्थिति रही उनकी उपस्थिति में विश्व जल दिवस बच्चों के बिच मनाया गया और शाला के प्रधान पाठक विजेंद्र चौहान ने जल संचय का सन्देश देते हुए बच्चों एवं पालकगन साथ ही सदस्यों द्वारा शपथ लिया गया इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक विजेंद्र चौहान, सहायक शिक्षक रिंकी बिशि, धनेश्वर सिदार, मनीषा पटेल, आंसकालीन स्वीपर विनय चौहान साथ ही पालकगन सदस्य कस्तूरी खम्भारी, विनोदनी, अंजलि भुइया, अनीता चौहान, संतोषीनी चौहान, रजनी, मांगमती उराव, विमला उराव, मोहनमाती उराव, ममता यादव, पुष्पा सा, सुशीला प्रधान, रेवती, सुधा यादव, महादेव उराव, कार्तिकेश्वर उराव, गुरुचरण यादव, बैकुंठ बारीक उपस्तिथ रहे उक्त जानकारी शाला के सहायक शिक्षक धनेश्वर सिदार ने दिया।



## बरमकेला के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# स्वीप महोत्सव में दिव्यांग मतदाता ने दिलाई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ का मान, शत प्रतिशत मतदान थीम पर होली स्वीप महोत्सव का आयोजन किया गयाए जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाता संजय पटेल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया।



साथ ही दिव्यांग वोटर और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर्स को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित रैली में लगभग 500 की संख्या में बिहान समूह की महिलाएं, रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित हुए। महिलाओं द्वारा नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए हम महिलाओ ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करवाना है के नारे का वाचन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निर्देशक हरिशंकर चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा यादव, एनआरएलएम कैडर, रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के समस्त स्टाफ और अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए अभियान जागरुक



समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत सारंगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत कोसीर में किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकए दिव्यांगजन मतदाता का सम्मान किया गया तथा आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए उपलब्ध सुविधाओ के संबंध में जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर 80 से अधिक वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से उप संचालक विनय तिवारी, समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, सचिव ग्राम पंचायत शोभा सिदार, समाज कल्याण तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

22 March -Jash Bhoomi pg2_Layout 1 3/22/2024 7:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन अमेरिका



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड


## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है, जो 'लहंगा उठा देब रिमोट से' और 'फटाफट' जैसे गाने गाकर संसद में बैठे हैं। 'खोल के देखाव'...जब ऐसे गीत गाने वाले लोगों को टिकट दिया जाता है तो लड़ाई, मेरा आंदोलन और मेरे सवाल तीखे हो जाते हैं।' नेहा सिंह राठौर ने आगे कहा, 'बीजेपी ने पवन सिंह को आसनसोल से मैदान में उतारा है, इसलिए मुझे लगता है कि बीजेपी ऐसे गायकों को बढ़ावा दे रही है।

लाइफ स्टाइल



किम का जलवा

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आई। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं। हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### हेयर ब्रश रखें साफ

जिस ब्रश से आप कंघी करते हों, उसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। अगर कंघी गंदी होगी, तो ये बालों को डैमेज कर सकती है। आप बाल कंघी करने के लिए लकड़ी का कंघा इस्तेमाल कर सकती हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फ़िट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेस:** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।

फैशन



**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेस:** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

**मिडी ड्रेस:** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल:** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरी:** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।

**पैंसिल हील्स:** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है।




वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोज:** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है। वेजेस खरीदते वक्त देख लें कि इसमें इलास्टिक ना लगी हो, ताकि इसे पहनने और उतारने के लिए आपको हाथ की जरूरत नहीं पड़े। हील्स वाली वेजेस पहनने में भी काफी आरामदायक होती हैं।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं। आइए जानते हैं-



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं।
इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

कार्नर न्यूज

### होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत

महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।





## 'कंगुवा' का टीजर हुआ रिलीज, आमने सामने दिखे सूर्या और बॉबी देओल

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' को सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। दरअसल, 'कंगुवा' का टीजर सामने आ चुका है। बता दें कि 'कंगुवा' को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म में सूर्या और बॉबी कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए टीजर में साफ दिख रही है।

लाइफ Style

# भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को आखिरी बार संजय मिश्रा के साथ फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था। इसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। 'भक्षक' के जरिए भूमि ने ओटीटी की दुनिया में रखा था।

## पहली वेब सीरीज 'दलदल' का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब भूमि ने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'दलदल' रखा गया है। इस सीरीज का निर्देशन 'गुल्लक' के निर्देशक अमृत राज गुप्ता करने वाले हैं। भूमि की पहली वेब सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है। इसकी कहानी विश धमीजा की किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित है। 'दलदल' में भूमि नव नियुक्त डीसीपी रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी। 'दलदल' के बाद भूमि फिल्म 'मेरी पत्नी का रीमेक' में अभिनय करती दिखाई देंगी। बता दें कि 8 सालों के करियर में भूमि की अब तक सिर्फ दो ही फिल्में हिट रही हैं। पहली फिल्म है बाला, जो 2019 में आई थी और दूसरी है पति, पत्नी और वो, जो भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसके अलावा अब तक उनकी पांच फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में सोनचिरैया, सांड की आंख, बधाई दो, रक्षा बंधन और भीड़ शामिल है। बहरहाल, इन फिल्मों के अलावा भूमि ओटीटी पर गोविंदा नाम मेरा और अफवाह में भी दिख चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला




## किम ने खोली अपनी पोल...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा किया है कि मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें ईऑनलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




## रूह कंपा देने वाली फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग

**लॉस एंजिलस।** वार्नर ब्रदर्स की साल 2021 की सुपरहिट फिल्म 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' के सीक्वल ' 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुका है। मॉन्सटर्वर्स की इस फिल्म का दर्शकों को इंतजार था। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग की कहानी दिखाई गई है। बता दें कि कोरोना महामारी के बाद रिलीज हुई 'गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग' को दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला था। फिल्म में हॉलीवुड स्टार एलेक्जेंडर स्कार्सगार्ड, रेबेका हाल, शन ओगुरी, ब्रयान टायरी हेनरी ने स्पेशल इफेक्ट्स से बने गॉडजिला व किंग कॉन्ग के साथ अहम किरदार निभाया था। बता दें कि इससे पूर्व वार्नर ब्रदर्स ने आधिकारिक तौर 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' की अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर रिलीज किया था जिसमें भयानक रूह कंपा देने वाला मंजर दिखाई दे रहा था।



## समीर वानखेड़े ने किया मानहानि का केस

**मुंबई।** सोशल मीडिया स्टार और एक्ट्रेस राखी सावंत अक्सर विवादों में रहती हैं। अब एक बार फिर वो मुश्किल में घिरती नज़र आ रही हैं। मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने राखी सावंत पर 11 लाख रुपए का मानहानि का केस ठोक दिया है। राखी के अलावा वकील काशिफ अली खान पर भी उन्होंने केस किया है। उन्होंने कहा है कि काशिफ अली खान ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जानबूझकर झूठ बोला और जो बयान दिया वो आधारहीन थे। याचिका में काशिफ के बयान का ज़िक्र है, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि समीर वानखेड़े मीडिया को लेकर ऑबसेस्ड हैं और सेलिब्रिटीज़ को टारगेट करते हैं। उन्होंने ये भी दावा है कि काशिफ अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाइंट इंस्टाग्राम पर भी उसी तरह के कंटेंट को पोस्ट किया।



## मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म का गाना 'हम यहीं' रिलीज हो गया है। गाने के साथ कुणाल खेमू ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल खेमू द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



## मानिनी डे ने दालचीनी में जीता बेस्ट विलेन का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** यह अभिनेत्री मनिनी डे के लिए जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने हाल ही में आयोजित दंगल अवार्ड्स में अपने शो दालचीनी के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायिका का खिताब जीता है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी सफलता का जश्न मनाना पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सिर पर हावी नहीं होने दिया। मैं हर जीत का जश्न भगवान को धन्यवाद कहकर मनाता हूं। मैं पार्टी करना चाहती हूं, लेकिन अभी तक मुझे ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला है। एक और चीज जो मैं सुनिश्चित करती हूं वह है खुद से एक वादा कि मैं इसे कभी भी अपने सिर पर हावी नहीं होने दूंगी। मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा यह याद रखना सिखाया है कि सफलता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। असफलता एक ऐसी चीज़ है जिससे आपका सिर नीचा नहीं होना चाहिए तो मैं उसी के अनुसार जीती हूँ। मैं बहुत आभारी हूं, मैं खुश हूं, मैं उत्साहित हूं और मैंने अपने लिए मानक और भी ऊंचा स्थापित किया है।भगवान के प्रति ईमानदार, जब मैं काम करती हूं, तो मैं इस उम्मीद के साथ काम नहीं करती कि मुझे कोई पुरस्कार मिलेगा।

## आदित्य की एक्शन फिल्म के हीरो बनेंगे रणवीर सिंह?



मुंबई। रणवीर सिंह को आखिरी बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था। अब अभिनेता निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। अभिनेता इन दिनों इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाल रहे हैं। अब आदित्य ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आदित्य पिछले 3 हफ्तों में 4 से 5 बार मिल चुके हैं। अगर रणवीर और आदित्य साथ आते हैं तो इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 की शुरुआत में शुरू होगी। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। 'सिंघम अगेन' के बाद रणवीर, फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'डॉन 3' 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 1978 में 'डॉन' फ्रैंचाइजी के मूल संस्करण में अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। 2006 में जावेद के बेटे फरहान अख्तर ने 'डॉन' का रीमेक बनाया और शाहरुख खान फिल्म के हीरो बने, जो 'डॉन 2' में भी थे।

## मेरे मेहबूब मेरे सनम बनी बेड न्यूज, दर्शकों को गुदगुदाएगी विक्की, तृप्ति और एमी की तिकड़ी

**मुंबई।** विक्की कौशल ने फिल्म निर्माता करण जौहर उनके साथ आने वाली फिल्म के बारे में अनाउंस कर दिया है। विक्की ने अपने प्रशंसकों को तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ एक नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया। फिल्म का नाम है 'बेड न्यूज' नाम की यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म का मोशन पोस्टर और रिलीज डेट जारी किया गया। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'मेरे मेहबूब मेरे सनम' था। बेड न्यूज में विक्की कौशल,तृप्ति डिमरी और एमी पहली बार एक साथ नजर आएंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित



इस फिल्म में नेहा धूपिया नजर आएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने लिखा, सबसे मनोरंजक हंगामे के लिए तैयार हो जाइए, हंसाने वाली कई घटनाएं... एक कॉमेडी फिल्म जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है आपका इंतजार कर रही है!! #सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024 को बैडन्यूज़!

### फैंस को टीजर का बेसब्री से इंतजार

अनाउंसमेंट करने से पहले विक्की कौशल ने तृप्ति और एम्मी के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर कर पूछा था कि आप पहले कौन सी न्यूज सुनना चाहेंगे, गुड या बैड, जवाब में एमी ने गुड कहा था तो वहीं तृप्ति ने बैड कहा था। फैंस को एक्टर्स का ये प्रमोशनल तरीका भी काफी अच्छा लगा था। फैंस को अब बेसब्री से फिल्म के टीजर का इंतजार है।

## अरबाज खान को भाता है फिल्म निर्माण बोले- अभिनय ना भी करूं तो कोई बात नहीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता अरबाज खान इस समय अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता ने जहां 'दबंग 4' की रिलीज का वादा किया है, वहीं वह तकरीबन 4 साल बाद 'पटना शुक्ला' से बतौर निर्माता वापसी करने वाले हैं। ऐसे में हाल में अरबाज ने इतने वर्षों तक कैमरे से दूर रहने और किसी भी फिल्म का निर्माण ना करने को लेकर अपने विचार साझा किए। अरबाज ने कहा कि अगर मैं अभिनय नहीं कर रहा होता हूं तो यह मेरे लिए कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। मेरे लिए अभिनय ना करना कोई बड़ा त्याग नहीं है। एक फिल्म की शूटिंग में लगभग 45 दिन लगते हैं, मैं अपने शेड्यूल से इतना समय निकाल सकता हूं। अरबाज के निर्देशन में बनी पटना शुक्ला फिल्म में रवीना टंडन मुख्य भूमिका में होंगी। रवीना के साथ इसमें सतीश कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक हैं। विवेक बुडाकोटी निर्देशित 'पटना शुक्ला' डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म 29 मार्च से स्ट्रीम होगी।



## रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए करना होगा लंबा इंतजार, इस साल नहीं शुरू होगी शूटिंग




**मुंबई।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। खासकर फिल्म 'आदिपुरुष' से मिली निराशा के बाद लोगों की नजरें इस फिल्म पर है। फिल्म के कलाकारों को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। चर्चा है कि फिल्म में रणबीर कपूर राम बनेंगे और कन्नड़ सुपरस्टार यश, रावण की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। नई खबर के मुताबिक फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने के आसार दिख रहे हैं।

### 'रामायण' में ये सितारे भी निभाएंगे अहम किरदार

*'रामायण' में भगवान राम बने रणबीर की जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है, जो माता सीता का किरदार निभाएंगी। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। उधर, कैकई के किरदार के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है और सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह भी फिल्म से जुड़ गई हैं। अभिनेत्री शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी।*

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

*'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं, वहीं फिल्म का निर्माण मधु मंटेना, नमित मल्होत्रा और अल्लू अरविंद मिलकर कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की ताजा खबर के मुताबिक, मधु और नमित के बीच अनबन चल रही है। यही वजह है कि 'रामायण' में देरी हो रही है। सूत्र ने कहा, "टीम के अंदर बहुत सारे आंतरिक मुद्दे हैं जिन्हें हल किया जाना बाकी है।" फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू नहीं होगी।*

## 'लव एंड वॉर': आलिया भट्ट के साथ काम करने को उत्साहित विक्की कौशल



**मुंबई।** विक्की कौशल को आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब विक्की, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ फिल्म 'बैड न्यूड' में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी हैं, जिसे लेकर अभिनेता काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब विक्की ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### आलिया और रणबीर अपनी कला में माहिर हैं : विक्की

विक्की हाल ही में नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर नेहा' में पहुंचे थे, जहां उन्होंने बताया कि वह फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। विक्की ने कहा, /"मुझे लगता है कि आलिया-रणबीर अपनी कला में माहिर है और यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं सच में बहुत खुश हूं। मैं उन दोनों के साथ एक ही सेट पर रहने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

### विक्की की झोली में हैं ये फिल्में

विक्की ने आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्देशन के कमान आनंद तिवारी ने संभाली है तो वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। विक्की इन दिनों अपनी फिल्म एक्शन फिल्म 'छावा' में व्यस्त हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### 12 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा आने वाले होली त्यौहार को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री एवं संग्रहण पर निगाह रख कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कल 21 मार्च के शाम प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को उनके सक्रिय मुखबीर से बालसमुंद के पास तालाब किनारे एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय करने की सूचना मिली। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टाफ को मौके पर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। मौके पर रेड दौरान कुछ युवक पुलिस को देखकर भागे, पुलिस टीम ने शराब बेच रहे युवक विजय देवांगन पिता गणेश देवांगन उम्र 21 वर्ष साकिन बालसमुंद, थाना चक्रधरनगर रायगढ़ को पकड़ा, जिसके पास से 5 लीटर वाले दो प्लास्टिक जरकिन और 2 लीटर वाला एक पेप्सी बोतल में भरा कुल 12 लीटर महुआ शराब कीमती 1,200 का जब्त किया गया है। आरोपी विजय देवांगन के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रवि किशोर साय, आरक्षक अभय यादव, चन्द्र कुमार बंजारे, महिला आरक्षक अनिता बेक शामिल थे।

### होली पर बंद रहेगी शराब दुकानें

**रायगढ़।** शासन द्वारा होली पर्व 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा सीएस 2 घघ एकम्पोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट एवं विदेशी मदिरा एफएल 1 घघ दुकानों, देशी मदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों एफएल 3 को पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवस में मदिरा का विक्रय परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### निःशक्त बुजुर्ग को नहीं मिल रही रियायती अनाज

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डो के लिए एक ही शासकीय राशन दुकान बस स्टैण्ड परिसर में संचालित है जहां नगर के सभी लोग चावल लेने आते हैं वहीं अशक्त बजुर्ग लोगों को भी इसके लिए आना पडता है चूंकि अंगुठा लगाने की आवश्यकता होती है। बीते दिनांक को बारोडिपा वार्ड क्रमांक 1, 2 के कई अशक्त रहवासी अपने परिजनों के गोद में आकर उक्त राशन दुकान आए और थम्ब मिलान करते हुए चावल लिए हैं। जानकारी के मुताबिक पुसौर में ऐसे दजर्नो निशख्त जन है जो चावल लेने नहीं आ पाते है ऐसे लोगों के लिए शासन स्तर में ऐसे व्यवस्था अख्तियार किए जाने की जरूरत है जिसमें कि इन्हे राशन दुकान तक आना न पडे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत पुसौर में 2 राशन दुकान संचालित किए जाने की स्थिति है इसके बावजुद पुसौर में एक ही राषन दुकान संचालित है जिससे निशख्त के साथ साथ अन्य लोगों को भी तकलीफ का सामना करना पड रहा है। उक्ताशय को लेकर नगर पंचायत के कई जनप्रति कई बार मुखर होकर सामने आये हैं लेकिन उक्त व्यवस्था खाद्य विभाग द्वारा अब तक नहीं जा चुकी है जो विभाग पर कई तरह के सवालिया निशान खडे हो रहे हैं।

### नाबार्ड के सहयोग से हाट को नया जीवन

**रायगढ़।** छग में नाबार्ड नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के ग्रामीण हाट बाजार को अल्ट्राटेक सिमेंट यूनिट के द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है। इस हाट ने न सिर्फ छोटे किसानों को उनकी उपज सीधे ग्रामीणों को उचित दामों पर बेचने में मदद की बल्कि बिचौलियों कि आवश्यकता को कम कर ग्रामीणों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद किया जा रहा है। भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग ने एग्रीकल्चर मार्केटिंग एंड रोल ऑफ वीकली ग्रामीण हाट पर स्थायी कृषि समिति की 62वीं रिपोर्ट में कहा था किए ग्रामीण क्षेत्रों में हाट किसानों को अपना टोटल मार्केटेबल सरप्लस का 90 प्रतिशत बेचने के लिए एक फर्स्ट मीटिंग पॉइंट के रूप में काम करती हैं। गांव के केंद्र में बाज़ार के होने से किसानों को बाजारों में कृषि उपज लाने में सहूलियत होती है और आर्थिक भार कम होता है।

## 3 दिवसीय समारोह का समापन आज

# जिंदल यूनिवसिटी में राष्ट्रीय टेक्नो मैनेजमेंट महोत्सव की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय पूंजीपथरा रायगढ़ मे तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर टेक्नो. मैनेजमेंट महोत्सव टेक्नोरोलिक्स 24 का 20 मार्च को टेक फेस्ट के प्रमुख तकनीकी इवेंट टेक.लैब का शुभारम्भ कार्यक्रम मुख्य अतिथि अखिलेश सिंह प्लांट हेड एनटीपीसी लाराए अध्यक्षता डॉ.आर डी पाटिदार, रजिस्ट्रार प्रोफेसर अनुराग विजयवर्गीय अन्य गणमान्य अतिथियों सैकड़ो प्रतिभागी छात्र छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।

टेक्नोरोलिक्स 20 मार्च से 22 मार्च तक देश भर से विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी संस्थानों से आए प्रतिभागी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर लाखों रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम करेंगे। उद्यमिता, प्रबंधन, नवाचार, तकनीकी कौशल एवं व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित टेक्नोरोलिक्स 24 में विभिन्न संस्थानों के 1600 से अधिक प्रतिभागी छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 22 मार्च को पवनदीप एवं अरुणिता की मधुर आवाज से ओपीजेयू परिसर गूंजेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किए जाने वाले ओपीजेयू के इस





महोत्सव में आमंत्रित विभिन्न प्रांतों के वक्ताओं का संबोधन व सम्मान।

राष्ट्रीय स्तर के तीन.दिवसीय टेक्नो मैनेजमेंट महोत्सव टेक्नोरोलिक्स.24 तथा सेलिब्रिटी एवं डीजे नाईट जूनून का उद्देश्य देश की युवा छात्र प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है जिसमे वो न केवल अपनी नवाचार, वैज्ञानिक, तकनीकी कौशल और प्रबंधन प्रतिभा बल्कि अन्य प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन कर सकते हैं तथा इसके आयोजन मे छात्रों की भूमिका प्रमुख होती है। वास्तविकता में यह कार्यक्रम छात्रों द्वारा ही डिज़ाइन और आयोजित किया जाता है जिसमे प्राध्यापकों द्वारा उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त होता है। तीन दिन तक चलने वाले इस टेक्नो. मैनेजमेंट फेस्ट टेक्नोरोलिक्स में दिन भर विभिन्न प्रकार की तकनीकी एवं गैर तकनीकी प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं एवं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित यह टेक फेस्ट उत्सव की तरह होता है जिसमें उनकी भागीदारी बहुत ही उत्साहवर्धक होती है। टेक फेस्ट के संयोजकों के अनुसार इस वर्ष टेक्नोरोलिक्स मे तीन दिनो मे 20 से अधिक प्रमुख तकनीकी एवं गैर तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमे छात्रों द्वारा बनाए गए टेक्निकल मॉडेल्स का प्रदर्शन, रोबोटिक्स के गेम्स, आइडिएशन पेपर प्रेजेंटेशन, युवा सदन मो पार्लियामेंट बिजिनेस प्लान स्टार्टअप एवं आग़ाज़ तथा अंतरागिनीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं प्रमुख हैं।



## होली पर हुडदंगियों से निपटने एएसपी ने डायल 112 को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

आगामी होली पर्व के मद्देनजर पुलिस नियंत्रण कक्ष में 22 मार्च को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम द्वारा जिला रायगढ़ एवम सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत संचालित 05 थानों के डॉयल 112 के ईआरवी चालक और आरक्षकों की मीटिंग लिया गया। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने बताया कि डॉयल 112 आमजन के लिए बेहद मददगार साबित हुई है। विपत्ति के समय सबसे पहले डॉयल 112 पर कॉल करना उचित समझते हैं, आमजन की अपेक्षा अनुरूप इस विश्वसनियता को बताए रखना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने आने वाले होली में डॉयल 112 और पुलिस पेट्रोलिंग की महत्वपूर्ण ड्यूटी होना बताए और डॉयल 112 स्टाफ को हर इवेंट पर तत्काल पहुंचकर कॉलर को सहायता उपलब्ध कराने कहा गया। उन्होंने त्यौहार दौरान अनुशासित रहकर ड्यूटी करने, बेवजह विवाद की स्थिति उत्पन्न ना होने देंने बोले। बैठक में पुलिसकर्मियों को इवेंट का एटीआर में घटना का विवरण तथा फोटो प्रोफर्मानुसार भरनेए स्टाइपेज प्वाइंट पर ही ड्यूटी तब्दील करने तथा निर्धारित गणवेश में ड्यूटी करने समेत महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मीटिंग दौरान बेहतर कार्य वाले लिये पुलिस मुख्यालय द्वारा पुरस्कृत किए गए धरमजयगढ़ रायनो के एबीपी चालक अमित भगत व आरक्षक मनोज साहनी एवं कोसीर राइनो के आरक्षक धनंजय खांडेकर व चालक दुष्यंत लहरे की प्रशंसा कर एडिशनल एसपी ने उन्हें प्रशिस्त पत्र प्रदाय कर उत्साहवर्धन किया गया। मीटिंग में डीपीसीआर प्रभारी उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार के साथ सभी राइनो के चालक और आरक्षक उपस्थित रहे।

## पीडीएस चावल वितरण में गड़बड़ी ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

तहसील घरघोड़ा मुख्यालय से 10-12 किमी के दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत भेंगारी की जनता सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी की वजह से आजकल परेशान है और इसकी शिकायत कलेक्टर रायगढ़ से की गई है कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। पूरा मामला यह है कि ग्राम पंचायत भेंगारी पोस्ट नावापारा टेंडा सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान न. 412006009 के वितरक द्वारा घोर लापरवाही बरता जा रहा है एवं पिछले एक साल से वितरण में लगातार विलम्ब किया जाता रहा है ग्रामीणों द्वारा इसका कारण पूछने पर गोल.मोल जवाब देकर उनको घुमाया जाता है प्राप्त सूचना के आधार पर जनवरी माह में



ही 125 लोगों के राशन वितरण में गड़बड़ी हुई एवं फरवरी माह के राशन को महीने के अंत में बांटकर इसे मार्च का बताया गया इस तरह लेट लतीफी करके गाँव के भोले भाले जनता को ठगा जा रहा है जब इस मामले में ग्रामीणों ने विरोध किया तब मौके पर तहसील खाद्य अधिकारी द्वारा जाँच में सैकड़ों क्विंटल की हेरा फेरी वितरक द्वारा पाया गया। गाँव वालों के विरोध की वजह से मार्च माह के खाद्यान्न का वितरण करवाया गया। इसके साथ ही घरघोड़ा एसडीएम द्वारा वितरक के विरुद्ध जांच का आश्वासन दिया गया। गाँव वालों ने आगे कहा कि अगर इस मामले पर कार्यवाही नहीं हुई तब सभी गांववाले मिलकर हड़ताल और चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

### लिटिल एंजेल सेंटर्स के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा संचालित लिटिल एंजेल सेंटर में अध्ययनत नौनिहाल छोटे छोटे बच्चों का अध्ययन भ्रमण का आयोजन सावित्रीनगर स्थित सेट्रल पार्क में किया गया। जहॉ बच्चों ने पार्क स्थित विभिन्न प्रकार के झुलों, खेल एवं पाक पकवानों का खूब आनंद उठाया। परीक्षा समाप्ति के बाद मिले इस सुखद अवसर से बच्चे खूब रोमांचित हुए। अध्ययन भ्रमण में संचालित 08 लिटिल एंजेल सेंटर्स के 200 बच्चों ने भाग लिया। इनके साथ इनके अध्यापिकाएं व परिजन भी सहभागी बनें। गौरतलब हो कि छोटे छोटे बच्चों में आत्म विश्वास एवं व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित व सुअवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं अध्ययन भ्रमण का आयोजन किया जाता है। बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित किया जाता है।

## बैंकों से नकदी जमा निकासी के दौरान सावधानी की अपील

**पुसौर।** थाना मुख्यालय पुसौर के अपेक्स बैंक में इन दिनों सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही बोनस राशि के एवज में किसानों की भीड सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाती है और अपनी बारी तय करने इंटा पत्थर झोला आदि को कतार में रखते हैं। यह सिलसिला प्रतिवर्ष होता हुआ आ रहा है किन्तु इस वर्ष बोनस के कारण भीड अधिक हो रही है।

पुसौर के नव पदस्थ टीआई आर के बनजारे उक्त वाकिया से वाकिफ होने पर सरल सहज किसानों से बीते गुरूवार के लगभग 8 बजे मुखतिब होते हुए कहा कि पैसा हमेशा शरीर से जुडे कुर्ता पेंट अथवा टंगे हुए बैंक पर ही रहे ताकि उसकी जानकारी होता रहे। झोला में टांग कर अथवा मोटर सायकिल के



डिक्की में पैसा न रखे। इसी कडी में इन्होंने कहा कि पैसा लेते समय हो सके तो दो लोग आएं और सावधानी पुर्वक पैसा ले जाए। ज्ञात हो कि उठाईगिरी के कारण बीते वर्ष कई किसानों के पैसे मोटर सायकिल के डिक्की से पार हो गये थे वहीं कुछ लोगों का सायकिल में टंगे बैग से राशि पार हो गए थे इसलिए टीआई बनजारे किसानों के साथ साथ अन्य लोगों को पैसे लाते ले जाते समय सावधान होने की नसीहत दी। थाना प्रभारी के उक्त सुझाव को लेकर उपस्थित समूचे किसानों ने अति उत्साह से जताया और उनके साथ फोटो सेशन भी किया।

## सारंगढ़ कलेक्टर-एसपी ने होली को लेकर शांति समिति की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ

होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी पुष्कर शर्मा उपस्थित थे। यह बैठक आगामी होलिका दहन व रंग पर्व पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर बैठक आयोजित किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम कलेक्टर ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए होली पर्व को पूर्ण रूप से शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने व इस पर्व को किसी भी प्रकार से परेशानी पैदा करने वाला ना बनाने की अपील की। एसपी श्री शर्मा ने सभी को हेलमेट पहनने व सावधानी से वाहन चलाने व होलिका दहन सुरक्षित स्थानों पर करने व किसी भी प्रकार की फूहड़ता ना करने या त्यौहार के नाम से किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान ना करने



की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में पुलिस टीम या 112 की टीम को सूचित करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने कानून व्यवस्था, पुलिस गश्त एनाऊंसमेंट अपील कराने, विद्युत आपूर्ति, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने सम्बन्धी सुझाव दिए गए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर शैलाभ साहू, एसडीएम वासु जैन, एएसपी चंदेल सहित जिले के पत्रकार गण उपस्थित थे।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का नइज और मास्टरकार्ड के साथ गठबंधन

**रायगढ।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भुगतान करने का एक नया तरीका पेश करने के लिए भारत के अग्रणी स्मार्टवच ब्रांड नइज और मास्टरकार्ड के साथ गठबंधन किया है। ये तीनों संस्थाएं बैंक के एयरटेल पेमेंट्स बैंक स्मार्ट वच को लन्च करने के लिए एक साथ आए हैं। इनका उद्देश्य कांटैक्टलेस भुगतान को आसान बनाकर और इसे विशाल जनसमूह तक पहुँचाकर कांटैक्टलेस भुगतान में क्रांति लाना है। इस बारे में गणेश अनंतनारायणन सीओओ एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा शहरों के डिजिटल ग्राहकों को नइज और मास्टरकार्ड के साथ हमारी साझेदारी ने अन द गो डिजिटल भुगतान के लिए एक सरल समाधान उपलब्ध करा दिया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक स्मार्ट वच ग्राहकों को अद्वितीय सुविधा प्रदान करते हुए कांटैक्टलेस भुगतान में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। फोन का उपयोग किए बिना आसानी से भुगतान करने में समर्थ बना रहा है।

## सड़क को सुरक्षित करने होलिका दहन स्थल पर मिट्टी डाल रहा निगम

**रायगढ़।** रंगो का त्योहार होली के धूमधाम मानने तैयारी जोर शोर चल रही है। मोहल्ले मोहल्ले में होलिका बनाई जा रही है। शहर के कुछ स्थानों पर बड़े रूप में होलिका दहन किया जाता है। इसमें शहीद चौक, गौरीशंकर मंदिर चौक, कारगिल चौक शामिल है। डामरीकृत सड़क को किसी प्रकार का नुकसान ना हो इसके लिए तीनों स्थानों पर सड़कों पर मिट्टी डलवाया गया और वहां स्थित लोगों एवं व्यापारी संस्थाओं



से मिट्टी के ऊपर ही होलिका बनाने और होलिका दहन करने की निगम प्रशासन द्वारा अपील की गई। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी सड़क के ऊपर होलिका बनाने वाली समितियां से निगम प्रशासन ने सड़कों पर मिट्टी डालकर ही होलिका बनाने और विधिवत रूप से होलिका दहन करने की बात कही है। इसी तरह निगम प्रशासन ने निगम क्षेत्र अंतर्गत किसी भी सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं करने और प्रेम सौहद्र के साथ होली मनाने की शहरवासियों से अपील की है।

## 14 भारी वाहनों का 27 हजार का कटा चालान

**रायगढ़।** तमनार क्षेत्र में सड़क निर्माण होने से इन दिनों रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग पर भारी वाहनो का दबाव अधिक है। 19 मार्च को पूंजीपथरा मार्ग पर अव्यवस्थित भारी वाहनों से मार्ग बाधित थी। यातायात पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था बनाने में जुटे थे। उसी समय यातायात डीएसपी रमेश चन्द्रा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। इस दरमियान मार्ग को बाधित कर



सड़क पर वाहन खड़ी करने वाले 14 वाहन चालकों का चालान काटा गया जिसमें 14 वाहनों से 27,000 का समन शुल्क की वसूली की गई है। एसपी के निर्देश पर 20 मार्च को तराईमाल में नलवा गेट के सामने लोक मार्ग बाधित कर खड़े वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एल 1901 के चालक एवं जिंदल पार्क गेट के सामने सड़क पर ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 9654 खड़ी करने वाले वाहन के चालक पर पृथक-पृथक धारा 283 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है।

### अवैध खाद भंडारण पर डीडीओ को दे सूचना

**रायगढ़।** उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया रायगढ़ जिले में कृषकों द्वारा आवश्यकता से अधिक यूरिया खाद का खरीदी कर भंडारण करने एवं ऐसे कृषकों को खाद प्रदाय करने वाली संस्थाओं का संयुक्त टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। किसी को भी खाद के अवैध भण्डारण के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है, तो डीडीओ को सूचित करे।

## महिला स्वसहायता समूह से कलेक्टर ने खरीदा हर्बल गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ग्रामीण महिलाओं के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए हर्बल गुलाल के स्टॉल से गुलाल खरीदकर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जनपद के ग्राम गोपालपुर की ग्रामीण महिलाओं ने आज गेंदा फुल, गुलाब, नीम, हल्दी, चुकंदर, पालक, पलास के फुल जैसे विभिन्न प्राकृतिक रंगों से तैयार गुलाल की बिक्री की। श्रीमती सरिता टंडन ने बताया कि गांव की महिलाओं के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। अब तक 50 किलो गुलाल बना चुके है। बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त गुलाल से हटकर यह हर्बल गुलाल शरीर के लिए पूरी से सुरक्षित है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचल के साथ ही शहर में अच्छी बिक्री हो रही है।

